कार्यालय
मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त, छिंदवाड़ा, मध्य प्रदेश – 480001

Email-cfchhindwara@mpforest.org Tel./Fax No.07162-245470

क्रमांक / मा.चि. / 5999 छिंदवाड़ा, दिनांक 26 OCT 2021

प्रति,

वनमंडलाधिकारी,
पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल
छिंदवाड़ा

विषयः– वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत पश्चिम छिंदवाड़ा सामान्य वनमंडल के परासिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत ब्रम्हपुरी कोयला खदान मे आरक्षित वन भूमि 32.475 हे., संरक्षित वनभूमि 29.181 हे. एवं राजस्व वनभूमि 88.442 हे. कुल 150.098 हे. वनभूमि में भूमिगत उत्खनन का मेसर्स बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड सतना के पक्ष मे प्रत्यावर्तन। Online proposal FP/MP/MIN/51637/2020

संदर्भः– आपका कार्यालयीन पत्र क्रमांक 4102 दिनांक 18.10.21

---000---

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र से पश्चिम छिंदवाड़ा वनमंडल के परासिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अंतर्गत प्रस्तावित ब्रम्हपुरी भूमिगत कोयला खदान प्रकरण प्राप्त हुआ है। प्रकरण मे निम्नानुसार कमियां / त्रुटियां होने के कारण मूलतः वापस कर पूर्ति हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रकरण का परीक्षण करने पर पाया गया है प्रस्तावित स्थल 6 पेंचेस में है अतः स्पष्ट करें की प्रत्येक पेंचेस की एक दुसरे से दूरी कितनी है एवं प्रस्ताव भूमिगत होने से उनसे कनेक्टिविटी का पर्याय क्या है।
2. प्रस्ताव में वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत कलेक्टर का अनापत्ति प्रमाण पत्र संलग्न नही है।
3. क्या प्रस्तावित एरिया सतपुड़ा–पेंच टाईगर रिजर्व कारीडोर अंतर्गत आता है। प्रस्तावित एरिया को संरक्षित क्षेत्रों से दूरी मार्क करें।
4. प्रस्तावित एरिया को वन क्षेत्र के नक्शे पर मार्क कर संलग्न करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(के. के. भारद्वाज)
मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त

पृ.क्रमांक / मा.चि. / 6000 छिंदवाड़ा, दिनांक 26 OCT 2021

प्रतिलिपिः– मेसर्स बिरला कार्पोरेशन लिमिटेड सतना की ओर उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन वनसंरक्षक
छिंदवाड़ा वनवृत्त

Brahmpuri Coal mine